हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–42 : जौनपुर, मंगलवार 04 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी द्वारा नवमी व विजयादशमी की दी गयी शुभकामना :कहा उमंग से मनाएं पर्व

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन नवमी एवं विजयदशमी (दशहरा) की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि पर्व–त्योहारों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सद्भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी दुर्गा पंडालों, मंदिरों पर सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखा जाए। ऐसा करने से पर्वों की प्रासंगिकता और उत्साह, उमंग कई गुना बढ़ जाता है। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म में वर्ष में दो बार नवरात्र (वासंतिक और शारदीय) के पावन पर्व पर समस्त सनातन धर्मावलंबी मातृशक्ति के प्रति सम्मान की सर्वोच्च भावना के साथ पूरी प्रतिबद्धता से जुड़ते हैं। नवमी तिथि पर कन्या पूजन की सनातनी परंपरा मातृशक्ति की महत्ता को रेखांकित करती है। यह केवल धार्मिक–आध्यात्मिक आयोजन नहीं है बल्कि भौतिक जीवन में भी इसकी महत्ता एवं प्रासंगिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन जन्म से जुड़ी है तो शारदीय नवरात्र में नवमी के बाद दशमी की तिथि श्रीराम के विजयोत्सव से। यह पर्व हमें अहर्निश स्मरण कराता है कि सत्य, धर्म और न्याय के पथ पर चलने वालों की सदैव विजय होती है। असत्य, अधर्म और अन्याय कभी शाश्वत नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि पूर्व में दो वर्ष तक कोरोना के चलते आयोजन पर कुछ पाबंदियां रहीं लेकिन



मां भगवती की कृपा से कोई विघ्न नहीं आया। अब सदी की सबसे बड़ी महामारी काफी हद तक नियंत्रण में है और पर्व धूमधाम से सामूहिकता के साथ मनाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि दुर्गा, पूजा एवं विजयदशमी के आयोजन में प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व अन्य मानकों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। आयोजनों से जुड़े लोगों को भी इसमें अपनी भागीदारी व जिम्मेदारी निभानी होगी। पूजा समितियों के आयोजक व मंदिरों के प्रबंधक स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा समेत सभी प्रकार के सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता का भी ध्यान रखें। प्रशासन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अव्यवस्था, भगदड़ की स्थिति न हो। किसी की भी आस्था के साथ खिलवाड़ न हो, पर्व का उत्साह–उमंग कुंद न हो। लोक जीवन में खुशहाली व उमंग कायम होने पर ही सभी लोग विकास से जुड़कर समाज, प्रदेश व देशहित में अपना योगदान दे पाएंगे।

## सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जौनपुर डीकेयू पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गडैला गांव के पास वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड मार्ग पर मंगलवार सुबह एक 50 वर्षीय महिला ने ट्रेन से कटकर जान दी,पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर छानबीन मे जुटी। गडैला गांव के निवासी राममिलन की 50 वर्षीय पत्नी उर्मिला ने सुबह घर से किसी काम से बाहर निकली हुए थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया इसी दौरान किसी ने बताया कि एक महिला का शव गडैला गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पडी है। परिजनों ने पास जाकर देखा तो महिला की पहचान राममिलन की पत्नी उर्मिला 50 वर्ष के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## राज्यपाल को भेंट की मां दुर्गा जी की प्रतिमा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नगर निगम व उम्मीद संस्था की ओर से राजभवन में "भिक्षा से शिक्षा की ओर " आयोजित कार्यक्रम में



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को सर्वजीत सिंह प्रबन्धक अवध कालिजियट व निर्मल सिंह अध्यक्ष केन्द्री सिंह सभा लखनऊ गुरुद्वारा आलमबाग ने प्रतीक चिन्ह दुर्गा जी की प्रतिमा सप्रेम भेंट किया।

## सीएमडी की करोड़ों की संपत्ति पर नोटिस चस्पा : सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर भी लगाए गये

वाराणसी ब्यूरो : शाइन सिटी कंपनी की मुसीबतें दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। अरबों रुपये की ठगी करने के आरोपी शाइन सिटी कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम की संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई में कमिश्नरेट पुलिस जुट गई है। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद राशिद नसीम की करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी पर धारा 82 के तहत प्रयागराज स्थित आवास पर नोटिस चस्पा की गई। मामले के विवेचक इंस्पेक्टर जैतपुरा मथुरा राय ने प्रयागराज स्थित राशिद नसीम के मकान सहित उसके अन्य संपत्तियों पर नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई की। बताया कि शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम के करैली कॉलोनी (जीटीबी नगर) प्रयागराज में डुगडुगी बजाकर नोटिस चस्पा की गई है। राशिद इस समय दुबई में है। उसके ऊपर शाइन सिटी कंपनी बनाकर हजारों लोगों से फ्लैट, जमीन के नाम पर अरबों रुपये की ठगी का आरोप है। धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों में न्यायालय के



द्वारा राशिद नसीम को भगोड़ा घोषित किया गया है।चस्पा किया राशिद नसीम का पोस्टर पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा प्रयागराज जिले में सार्वजनिक स्थानों, कचहरी, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर अरबों रुपये हड़प कर फरार राशिद नसीम का पोस्टर चस्पा किया गया है। जैतपुरा पुलिस ने चस्पा किए गए पोस्टर पर उसके दिखने पर पुलिस को सूचित करने को कहा।

## कैनवस पर प्राकृतिक सौंदर्य का एक विशाल स्वरूप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यदि प्रकृति का आनंद लेना है तो हमे केवल एक दृष्टा बनना होगा तभी हम प्रकृति के वास्तविक अर्थ में आनंद ले सकते हैं। प्रकृति के एक एक कण में सौंदर्य और निर्मलता है। गगन की विशालता,पर्वतों की विशाल ऊंचाई,समुंदर की गंभीरता और नदी को प्रखरता ही हमारे दृश्य को मजबूत बनाता है। मन को विस्तृत बनाने के लिए प्रकृति का ध्यान के लिए एकांत जरूरी है। और शुद्ध वातावरण ही हमारे जीवन को सुंदर और सुव्यवस्थित बना सकता है। इस धरती को इस ब्रह्मांड को सबसे बड़ा कलाकार ईश्वर ने बड़े ही सुव्यवस्थित ढंग से निर्माण किया है। एक रचनात्मक कार्य करने वाले लोग इस प्रकृति का आनंद अपने रचनात्मक दृष्टि से लेते हैं और उसे अपने विचारों के माध्यम से कोरे कैनवस पर उकेरते हैं। कुछ इसी प्रकार चित्रकार ने अपने कलाकृतियों के माध्यम से एक संदेश के साथ साथ अपने उद्देश्य को दृश्यभाषा में बताने और समझाने की कोशिश की है। उक्त जानकारी देते हुए फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि लखनऊ स्थित सोमवार को फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी में शीर्षक ''द नेचर्स लैप'' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में लखनऊ के चित्रकार राहुल राय के लगभग 39 चित्रों माध्यम ऐक्रेलिक को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी में सोमवार की सायं को नगर की मुख्य अतिथि वरिष्ठ वास्तुविद सविता अग्रवाल ( फाउंडिंग पार्टनर म्यूरलेज) एवं विशिष्ट अतिथि श्री रत्न संजय कटियार (आई पी एस) इंस्पेक्टर जनरल लखनऊ फ्रंटियर सशस्त्र सीमा बल भारत सरकार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर गैलरी की डायरेक्टर नेहा सिंह ने आये हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों, कलाकारों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। चित्रकार राहुल राय ने अपने चित्रों के बारे में बताया कि मैं प्रकृति का प्रेमी हूँ। प्रकृति को करीब से महसूस करता हूँ और फिर उसे अपने अनुभवों को अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से रंग और तूलिका के माध्यम से व्यक्त करने



का सार्थक प्रयास करता हूँ। मैं जब चित्रों का सृजन करता हूँ तो कार्य करते करते खो जाता हूँ और उसी एकाकार होने की प्रक्रिया में मेरी रचना पूर्ण होती है। राहुल राय एक सेल्फ थॉट चित्रकार हैं। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कला की व्यवस्थित शिक्षा नहीं ली है लेकिन कलाकारों के समूह में शुरू से रहना और उनके अभिव्यक्ति को समझना और उसे व्यक्त करने की कुशलता ने राहुल को वर्तमान में एक चित्रकार के रूप में पहचान दिला रही है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों में राहुल ने पर्वतों के अनेकों रूपों को प्रस्तुत किया है। प्रकृति में ऊंची ऊंची पर्वतमालाएं मन को मोह लेती हैं पर्वतों के आकर्षण सदैव अदभुत होता है जो कि विस्मयकारी एवं सौंदर्य से भरपूर होते हैं। पर्वतों के प्राकृतिक रूप से स्थित होना,उनकी उतार चढ़ाव, अलग अलग टेक्सचर ,रंग निश्चित रूप से यह सब पर्वतों की सुंदरता और उनके अलौकिक दृश्यों की छटा को और अधिक बढ़ाते हैं। इस प्रकार पल पल परिवर्तित रूप सौंदर्य पूर्ण, हृदयाकर्षक और उल्लासमय होता है। अनेक दृश्य सौंदर्य सुषमा से ओत प्रोत होता है। सूर्य की किरणें पड़ते ही पहाड़ों पर इंद्रधनुष से रंग जाता है जिसे देखकर दर्शक मचल जाता है। और वहीं चंद्रमा की चाँदनी में पर्वतों की सौंदर्य और भी अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। चित्रकार इन्ही प्रकृति–नटी के क्षण क्षण बदलती रूप को देखकर आकर्षित होता है और उसे अपने अंतस भाव से प्रकट करता है। जो कि राहुल राय ने ऐसे ही अभिव्यक्ति की है। इनके कैनवस पर प्राकृतिक सौंदर्य का एक विशाल स्वरूप अलग अलग रूपों में अवलोकन किया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व एम एल सी डॉ. एस पी सिंह ( संस्थापक महाप्रबंधक लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज ),निदेशक हर्षित सिंह, अमित सिंह, विजय मिश्रा, इसहाक, संजय , राकेश मौर्या सहित अन्य कला प्रेमी कलाकार लोग उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी दिनांक 2 नवंबर 2022 तक कला प्रेमियों के लिए अवलोकनार्थ रहेगी।

## गौवंश की मदद के लिए दिया तीन माह का वेतन

(दिल्लीब्यूरो): राजस्थान झुनझुन चिड़ावा नगरपालिका की पार्षद संगीता विष्णु चौधरी ने लंपी बीमारी को देखते हुए गौवंश की मदद के लिए अपने तीन माह का वेतन आइसोलेशन सेंटर के लिए दिया है। मंगलवार को पार्षद संगीता विष्णु चौधरी नगरपालिका पहुंची। उन्होंने अपने पति कांग्रेस नेता विष्णु चौधरी तथा पुत्र उत्सव चौधरी के साथ नगरपालिका पहुंचकर ईओ जुबेर खान को तीन माह का वेतन नगरपालिका द्वारा संचालित किए जा रहे आइसोलेशन सेंटर के लिए देने का सहमति पत्र दिया। इस मौके पर विष्णु चौधरी ने बताया कि राजस्थान सरकार लंपी बीमारी रोकथाम के लिए लगातार काम कर रही है। वहीं पिलानी विधायक जेपी चंदेलिया ने भी 10 लाख रूपए की मदद दी है। जिससे प्रभावित होकर उनकी पत्नी पार्षद संगीता चौधरी ने अपनी तरफ से छोटी सी मदद दी है। भविष्य में भी मदद का आश्वासन दिया है। इधर, संगीता चौधरी द्वारा उठाए गए इस सकारात्मक कदम पर पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदर




हिम्मतरामका, अग्रवाल महासभा चिड़ावा के अध्यक्ष देवानंद चौधरी, कोविड रिलिफ सोसायटी के रजनीकांत ककरानिया पिंटू, नगरपालिका के वरिष्ठ पार्षद अनूप भगेरिया, बाल कल्याण समिति की सदस्य मनीषा केडिया, युवा सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद महमिया नंदू, युवा कलाकार अंकिता योगी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा, आशु स्वामी व विजेंद्र राव समेत अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है और अन्य को भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

देश की अग्रणी बैंक : उत्कर्ष बैंक की तरफ से समस्त जनपद वासियों प्रदेशवासियों को नवरात्रि दशहरा भरत मिलाप की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं :बेहतर सेवाओं के लिए एक बार बैंक अवश्य पधारें



–रवि श्रीवास्तव
शाखा प्रबंधक जौनपुर
मो न 9999335612
निकट – वाजिदपुर तिराहा मैहर माता मंदिर के पास,जौनपुर



## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नवरात्रि समापन पर राम जानकी मंदिर में हुआ भंडारा व हवन–पूजन

हरदोई ब्यूरो अम्बश्रीष कुमार सक्सेना : नवरात्रि समापन के अवसर पर नगर के रामजानकी मंदिर यज्ञशाला में हवन का आयोजन किया गया कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। नवीन गल्ला मंडी



स्थित राम जानकी मंदिर में शारदीय नवरात्र समापन अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान राकेश अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय, रमेश, संजीव, राम कृष्ण पाठक राकेश शुक्ला ने यज्ञ में आहुतियां दी। हवन के बाद मंदिर परिसर में कन्याओं को भोज कराया गया कन्या भोज के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण व श्याम सुंदर शुक्ला मौजूद रहे। मंदिर मंदिर में नौ दिनो तक लगातार किसी न किसी यजमान द्वारा विधिवत माता के सभी स्वरूपों का पूजन अर्चन किया गया।

## श्री अयोध्या सिंह मेमो. इण्टर कॉलेज में किया गया रामलीला का मंचन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देव ग्रुप ऑफ कॉलेजस के तहत चल रहे श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कॉलेज में दशहरे के उपलक्ष्य मे रामलीला एवं शक्ति पूजा से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया.




प्री–प्राइमरी ग्रुप के बच्चों ने सीता स्वयंवर का मंचन किया। उसके बाद सभी ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों की इस प्रस्तुति का सभी ने तालियों से स्वागत किया। पूरा कम्पस जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। सीनियर वर्ग में सीता हरण हनुमान सीता संवाद और अशोक वाटिका के नीचे हुए रावण सीता संवाद एवं रावण वध का मंचन किया। कक्षा आठ व नी के बच्चों ने शक्ति की उपासना से सम्बंधित अपना एक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रशासनिक अधिकारी पूजा सिंह ने बच्चों को नवरात्रि पर्व एवं दशहरे की बधाई दी एवं बच्चों को रामलीला का महत्व बतलाया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी पूजा सिंह एवं सभी शिक्षक गण मौजूद थे। डीपीएस एकेडमी इटौंजा में भी आज दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में प्री–प्राइमरी ग्रुप ने आज फैंसी ड्रेस शो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमे बच्चों ने रामायण के पात्रों का किरदार बखूबी निभाया। प्राइमरी ग्रुप के बच्चों ने आर्ट कम्पटीशन में प्रतिभाग किया तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने क्राफ्ट मेकिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सीनियर वर्ग के छात्रों ने मिलकर रावण बनाया, फिर रावण दहन किया गया। सभी बच्चों ने रावण दहन कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लियां रावण को जलता देख सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने बच्चों को नवरात्रि एवं दशहरे पर्व की बधाई दी। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती रामलीला से बच्चों को रूबरू कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रबंधक एवं प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह सहित अन्य सभी शिक्षक मौजूद रहे।



–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बढ़ता दबाव और मंदी की आशंकाएं

बढ़ती दरों के परिणामस्वरूप डॉलर के मूल्य में वृद्धि हुई है और दुनिया भर की सभी मुद्राओं के मूल्य में भारी गिरावट आई है। रुपये की गिरावट पर इसका साफ असर देखा जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 45 अरब डॉलर से अधिक रकम बाजार में डाली है, इसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 537 अरब डॉलर हो गया है।

कहा जाता है कि राजनीति में एक हफ्ते का समय बहुत लंबा होता है। यह बात वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी लागू होती है। वर्ष 1964 के स्टर्लिंग संकट के दौरान हेरोल्ड विल्सन की चुटकी ब्रिटेन और वैश्विक वित्तीय बाजारों में गूंज रही है। 1964 में स्टर्लिंग (पाउंड/केबल) की कीमत दो डॉलर और 80 सेंट थी। पिछले हफ्ते बादशाह डॉलर ने महाराजा के पाउंड को एक डॉलर और तीन सेंट तक कम कर दिया। नीति के लिए संदर्भ मायने रखते हैं, खासकर जब शासन आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के लिए इतिहास पर निर्भर रहता है।

एक समय ब्रिटेन धनी था। पर अब इसकी जीडीपी भारत से नीचे है और इसकी अर्थव्यवस्था अन्य देशों के निवेश प्रवाह पर निर्भर करती है, जिसे मार्क कार्नी ने 'अजनबियों की दया' कहा है। लिज ट्रस की सरकार ने उन्हीं नीतियों से शुरुआत की, जिसे ऋषि सुनक ने परीकथा अर्थशास्त्र बताया था, और आईएमएफ की फटकार, एस ऐंड पी की समीक्षा और बाजार में घबराहट को प्रेरित किया। इस उथल-पुथल ने तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हलचल पैदा कर दी है।

बॉन्ड के मूल्य में भारी गिरावट के बाद पेंशन फंड में मंदी ने बैंक ऑफ इंग्लैंड को 65 अरब पाउंड भुगतान करने के लिए मजबूर किया। बैंक ऑफ जापान ने भी जापानी येन की तेज गिरावट (प्रति डॉलर 145 येन) को रोकने के लिए दखल दिया। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने बाजारों को एकतरफा मूल्यह्रास पर दांव न खेलने की चेतावनी दी, क्योंकि युआन 7.4 प्रति डॉलर तक गिर गया। इस झटके का तात्कालिक कारण मुद्रास्फीति का बने रहना है– उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति यूरोप में दोहरे अंकों में है, अमेरिका में लगभग आठ प्रतिशत है और भारत में आठ महीने से अधिक समय से छह प्रतिशत से ऊपर है।

भले ही केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं, पर अमीर देशों ने उपभोक्ताओं को ऊर्जा की उच्च कीमतों से बचाने के लिए 'रेवड़ी इकॉनमी' का विस्तार करते हुए 500 अरब डॉलर आवंटित किए हैं। पश्चिम में इतिहास के सबक को भुला दिया गया। अगस्त, 1975 में मिल्टन फ्रीडमैन की प्रसिद्ध पुस्तक देयर इज नो सच थिंग एज फ्री लंच प्रकाशित हुई थी। एक साल बाद 1976 में मार्गरेट थैचर ने चर्चित बयान दिया था कि समाजवादी सरकारें हमेशा दूसरों के पैसे पर चलती हैं।

यह सबक जी-7 अर्थव्यवस्थाओं की परेशानी का सबब बन गया है। दिलचस्प है कि वर्ष 2022 में थैचर की कंजरवेटिव पार्टी की सरकार में ब्रिटेन को धन की कमी हो रही है। बढ़ती मुद्रास्फीति ने केंद्रीय बैंकों के बीच ब्याज दरों को बढ़ाने की दौड़ शुरू कर दी है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस थीम सांग पर अन्य केंद्रीय बैंक कोरस गा रहे हैं। मार्च के बाद से केवल छह महीनों में, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को 0.25 से बढ़ाकर 3.25 प्रतिशत कर दिया है और इसका लक्ष्य 4.5 प्रतिशत को छूना है।

वास्तव में, अमेरिका ने 2015 से 2018 के बीच के तीन वर्षों की तुलना में पिछले छह महीने में दरों में ज्यादा बढ़ोतरी की है। कटु सच्चाई है कि लगातार मुद्रास्फीति का कारण संरचनात्मक मुद्दों में निहित है– समृद्ध अर्थव्यवस्थाएं बूढ़ी हो रही हैं और वैश्विक जीडीपी का एक तिहाई अब पश्चिमी देशों के बाहर उत्पादित होता है। यह सच है कि मुद्रास्फीति का मतलब बहुत ज्यादा पैसे से बहुत कम चीजें खरीदना है। हालांकि ज्यादा माल तैयार करने वाली नाइके जैसी कंपनियों के कारण आपूर्ति की कमी घटी है और कच्चे तेल के दाम भी नीचे हैं।

कार्यबल की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए प्रवासन की जरूरत को राजनीतिक प्रतिरोध और अनिच्छा के कारण स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इसके बजाय बहस इस पर है कि श्रम की लागत कैसे कम की जाए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दरों को बढ़ाकर मुद्रास्फीति कम करने का फार्मूला अपनाया है, जिससे मांग घटेगी और बेरोजगारी बढ़ेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व श्रम की बढ़ती लागत को खलनायक मानता है। जबकि मजदूरी की लागत श्रम की आपूर्ति पर निर्भर करती है-और पश्चिम श्रमबल की उपलब्धता में भारी कमी का सामना कर रहा है।

मांग पर अंकुश लगाने के लिए ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी और महंगाई कम करने के लिए बेरोजगारी बढ़ाने के अपने जोखिम हैं। अब इस बात का डर है कि जिस तरह से ब्रिटेन में वित्तीय स्थिरता के लिए प्रणालीगत झटका देखा गया, वह विकसित और कमजोर बाजारों के दरवाजे पर दस्तक दे सकता है। वैश्विक वित्तीय बाजारों की परस्पर संबद्धता को देखते हुए एक देश में कोई भी दुर्घटना दूसरे देशों को भी प्रभावित कर सकती है।

प्रणालीगत जोखिम से परे, अल्प अवधि में ब्याज दरों को बढ़ाने से वैश्विक व्यापार और विकास प्रभावित हो सकते हैं, इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है। बढ़ती दरों के परिणामस्वरूप डॉलर के मूल्य में वृद्धि हुई है और दुनिया भर की सभी मुद्राओं के मूल्य में भारी गिरावट आई है। रुपये की गिरावट पर इसका साफ असर देखा जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 45 अरब डॉलर से अधिक रकम बाजार में डाली है, इसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 537 अरब डॉलर हो गया है और रुपया 79.94 से और नीचे गिरकर 82 रुपये प्रति डॉलर के आसपास मंडरा रहा है।

इससे पैसे की लागत बढ़ रही है और छोटे व्यवसायों की जीवन क्षमता को भी खतरा है। इस हफ्ते रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 5.9 फीसदी पर पहुंचा दिया और विकास अनुमान को भी घटाकर सात फीसदी कर दिया है। बड़े बैंकों में पहले से ही प्रमुख उधार दरें 13 प्रतिशत से ऊपर हैं और बैंक के लंबे बयान से स्पष्ट है कि इन दरों में और वृद्धि करनी होगी। आमतौर पर पैसे की लागत बढ़ने पर विकास दर में कमी आती है। भारत बेहतर स्थिति में है, लेकिन यह आशावादी होने का जोखिम नहीं उठा सकता।

इसे अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सापेक्षिक योग्यता को उजागर करने और अपने मैक्रो फंडामेंटल को फिर से तैयार करने की जरूरत है। बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रतिस्पर्धी दरों में बढ़ोतरी की स्थिति बनी रह सकती है। दुनिया एक संकट से दूसरे संकट की तरफ नहीं जा सकती। आगामी दिसंबर में भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। प्रणालीगत झटके के जोखिम और उच्च दर की मंदी के निर्यात को इसके एजेंडे में जगह जरूर मिलनी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नगर निकाय चुनाव के लिए सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव में लग जाएं -सौरभ मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आगामी नगर निकाय चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कमर कस कर चुनाव की तैयारियों में लग जाएं। पार्टी ने सभी नगर पालिका नगर पंचायतों में संयोजक तथा प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं इन नियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में पार्टी संबंधित नगर पालिका नगर पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की मेहनत से जिले की सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में जीत दर्ज करेगी। जिला अध्यक्ष ने बताया भारतीय जनता पार्टी के अलावा किसी भी दल के पास न सशक्त उम्मीदवार है नहीं नेतृत्व देने के लिए नेता साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या भी अति महत्वपूर्ण है जैसा कि आप जानते हैं भारतीय जनता पार्टी ने जाति एवं पंथ से इतर एक नया वर्ग खड़ा किया है जिसे लाभार्थी संज्ञा दी जाती है यह वोटर ही भारतीय जनता पार्टी को हर स्तर पर जिताने का कार्य करता है। कार्यकर्ताओं को मात्र इन से संपर्क कर पार्टी की अन्य नीतियों एवं सरकार की योजनाओं को बताने की आवश्यकता है।निकाय चुनाव हेतु जिले के प्रभारी जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने बताया संबंधित नगर निकाय में मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी निकाय संयोजक बूथ कमेटियों के साथ प्रतिदिन बैठक






कर प्रगति की रिपोर्ट जिले को सूचना दें। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अजय शुक्ल जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी प्रमुख सौरभ सिंह और सोशल मीडिया प्रमुख प्रदुम्न आनंद मिश्रा सहित सभी निकायों के संयोजक मंडल अध्यक्षगण मौजूद रहे।

## देव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जयंती

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सभी संस्थानों में गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनायी गई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को श्री अयोध्या सिंह मेमो इण्टर कॉलेज चिनहट लखनऊ में महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती बडी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गई। विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह ने गांधी जी एवं शारी की फोटो पर तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति संबंधित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय का प्रांगण गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम एवं दे दी हमें आजादी जैसे गीतों से गुंजायमान हो उठा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता मिश्रा ने बच्चों को गांधी जी एवं शास्त्री जी द्वारा देश के लिए किए गए योगदान के बारे में बतलाया। विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह ने देश के प्रति बच्चों के कर्तव्यों के बारे में बच्चों को जागरूक किया। इस विशेष अवसर पर आबकारी निरीक्षक अभिषेक मिश्रा ने आबकारी विभाग की टीम के साथ बच्चों को नशा मुक्ति से सम्बंधित विशेष प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। इसके बाद विद्यालय प्रागण में गांधी जी एवं शास्त्री जी से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम (क्विज प्रोग्राम) का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी के साथ-साथ सभी शिक्षकगण भी मौजूद थे। डीपीएस एकडमी इंटाजा लखनऊ में भी महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री का जयंती हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालये की प्रबंधक श्रीमती जैल सिंह ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की फोटो पर तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस



अवसर पर विद्यालय में देश भक्ति संबंधित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रघुपति राघव राजा राम गीत से हुई। छात्र छात्राओं ने रात्री जी और शास्त्री जी के विषय में कविताएं सुनायी विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विज ग्राम का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीता चक्रवती ने बच्चो को गात्री जी एवं शास्त्री जी द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान के बारे में बतलाया। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने भी गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं नशा न करने के लिए बच्ची को प्रेरित किया एवं सभी बच्चों को इसको लेकर शपथ ग्रहण करवाई। बच्चों से शप ली कि वह जीवन में कभी नशा नहीं लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की श्रीमती शैल सिंह के साथ विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह एवं सभी शिक्षकगण भी मौजूद थे। जी एस.एम (प्राइवेट) आई.टी.आई रायपुर राजा इजा लखनऊ में भी गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती ब हन्तारा के साथ मनाई गयी। देव ग्रुप के डायरेक्टर श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह ने गांधी जी और शास्त्री जी की फोटो पर माल्यार्पण किया। गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम के द्वारा विद्यालय का प्रांगण मू उठा। नशा मुक्ति के लिए यहां भी सभी ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर के साथ-साथ सभी शिक्षकगण भी मौजूद थे।

# सदन में न बोलने वाले विधायकों के लिए आयोजित होगा एक दिन का विशेष सत्र

लखनऊ ब्यूरो : महिला विधायकों के लिए एक दिन का विशेष सत्र आयोजित कर इतिहास रचने वाले यूपी विधानमंडल में एक और नई पहल होने जा रही है। ऐसे विधायक जिन्होंने 18वीं विधानसभा के बजट सत्र से लेकर मानसून सत्र तक चुप्पी साधे रखी, उनकी चुप्पी तोड़ने के लिए विधानसभा में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ऐसे सभी विधायकों का ब्योरा मांगा है जो दोनों सत्रों में एक बार भी अपनी बात नहीं रख सके हैं। ऐसे विधायकों के लिए शीतकालीन सत्र में एक विशेष सत्र रखा जाएगा। विधानसभा के सूत्रों के मुताबिक सत्ता पक्ष व विपक्ष के 100 से अधिक ऐसे विधायक हैं जिन्हें सदन में या तो बोलने का अवसर नहीं मिला या उन्होंने प्रयास ही नहीं किया। महाना का कहना है कि ऐसे विधायकों को अवसर देने के लिए ही नई पहल की जा रही है।

## दुर्गा पूजा पंडाल में करंट की चपेट में आने से 12 साल के बच्चे की मौत

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी जिले के सतरिख थाना क्षेत्र के बरौली जाटा गांव में सोमवार रात दुर्गा पूजा पंडाल में करंट लगने से एक बालक की मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बरौली जाटा गांव में सोमवार की रात दुर्गा पूजा पंडाल में जागरण का आयोजन किया गया था। ग्रामीण वहीं पर इकट्ठा थे। यहीं पर गांव के निवासी बंशी गुप्ता का 12 वर्षीय पुत्र अभिनव गुप्ता भी आया था। रात करीब 11 बजे बिजली चली गई तो जनरेटर चलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बताते हैं कि अभिनव पंडाल में लोहे का खंभा पकड़कर खड़ा था। इस खंभे में जनरेटर से आई विद्युत आपूर्ति का तार टच हो रहा था। जनरेटर चलते ही खंभे में करंट उतर आया और अभिनव उसकी चपेट में आ



गया। आनन फानन ग्रामीण व परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर भागे मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## पीएफआई के तीन सदस्य बहराइच से हिरासत में : सीएए व एनआरसी के प्रदर्शन में सक्रिय थे आरोपी

लखनऊ ब्यूरो : ऑल इंडिया उलमा काउंसिल के अध्यक्ष अहमद बेग नदवी को रविवार को एसटीएफ, आईबी व एनआईए की टीम बहराइच लेकर गई थी। देर रात नेपाल सीमा के पास से एक शिक्षक सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। तीनों प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सक्रिय सदस्य हैं। इनमें से एक 22 सितंबर को लखनऊ से भाग गया था। वह नेपाल में रहकर नेटवर्क को मजबूत कर रहा था। रविवार शाम को बहराइच में आते ही एसटीएफ और एनआईए ने उसे पकड़ लिया। अन्य दो के बारे में अफसर चुप्पी साधे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, नेपाल सीमा पर पकड़ा गया यह सदस्य रिसिया के शैदा बभनी गांव का रहने वाला है। वह लंबे से पीएफआई से जुड़ा है और गांव के ही एक स्कूल में पढ़ाता भी है। हालांकि गांव के लोग यह नहीं बता सके कि वह किस शिक्षण संस्थान में पढ़ाता है। इस शिक्षक के भाई की गतिविधियों का भी पता किया जा रहा है। दोनों के बारे में रिमांड पर लिए अहमद बेग ने भी कई जानकारियां दी थीं। कुछ समय में ही इस शिक्षक व उसके भाई की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हो गई है। 21 सितंबर के बाद वह शहर छोड़कर नेपाल भाग गया था। इस शिक्षक से पहले बहराइच में ही एक स्थान पर पूछताछ की गई। फिर उससे मिली जानकारियों को दूसरी टीम से साझा किया गया। इसके बाद शिक्षक को खुफिया अफसर मुख्यालय ले गए। ये सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए आंदोलन में भी सक्रिय थे।

## व्यवहार से होती है वास्तविक पर्सनालिटी की जानकारी -ब्रिगेडियर यशपाल सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पर्सनालिटी बाहरी दिखावा है ऐसा लोगों का मानना है लेकिन हकीकत में पर्सनालिटी किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति कैसे व्यवहार व्यक्त करता है, इससे वास्तविक पर्सनालिटी का पता चलता है। उक्त विचार जीएसएम डिफेंस एकेडमी वृंदावन कॉलोनी रायबरेली रोड लखनऊ के मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिगेडियर यशपाल सिंह ने कार्यालय में भेंटवार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि खुद की पर्सनालिटी को कैसे सुधारें इसके लिए प्रमुख तीन बातें होती हैं। पर्सनालिटी को दर्शाने के लिए पहली जो जन्मजात मिली है, दूसरी वातावरण से मिली और तीसरी जो हालातों के हिसाब से अपने को ढालता है। पर्सनालिटी को सुधारने के लिए, हर व्यक्ति यदि अपने आप को पहचाने, अपनी




खामियों और खूबियों को जाने तो वह हर बिंदु पर प्रयास करके अपनी पर्सनालिटी को निखार सकता है।

# लखनऊ में 08-09 अक्टूबर को आरोग्य भारती की अखिल भारतीय बैठक

हरदोई (दै. देश की उपासना ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आरोग्य भारती संगठन का अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल बैठक (राष्ट्रीय बैठक) लखनऊ में 08 व 09 अक्टूबर को होगी। इसका उद्घाटन 08 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। बैठक के उद्घाटन सत्र में विशिष्ठ अतिथि के रूप में केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डा.मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा.मनमोहन वैद्य मौजूद रहेंगे। आरोग्य भारती के अवध प्रांत के अध्यक्ष डा.एसपी सिंह और प्रचारक संग्राम सिंह ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि मण्डल की बैठक के संबंध में बताया कि राष्ट्रीय बैठक में प्रतिनिधि के रूप में सभी राज्यों से प्रांत स्तर के पदाधिकारी, नामी चिकित्सकों का लखनऊ पहुंचना हो रहा है। प्रतिनिधियों का रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों पर स्वागत कर कार्यक्रम स्थल कानपुर रोड पर सिटी मान्टेसरी स्कूल पहुंचाया जायेगा। वहां पर प्रतिनिधि दो दिनों तक विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे।




बैठक की अध्यक्षता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.राकेश पंडित करेंगे। उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती वर्तमान समय में देश में 24 विषयों पर कार्य कर रहा है। इन विषयों पर कार्य करते हुए संगठन का कार्य 750 से भी अधिक जिलों तक पहुंचा है। लखनऊ में होने जा रही बैठक में संगठन विस्तार, आगामी वर्ष की योजना व कार्य निर्धारित किये जायेंगे।

## पति के प्रेम प्रसंग से आजिज महिला सिपाही ने की आत्महत्या : सुसाइड नोट से खुला राज

बलरामपुर ब्यूरो : बलरामपुर जिले के गैड़ास बुजुर्ग स्थानीय थाने में तैनात महिला आरक्षी कोकिला यादव (25) ने सोमवार रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने आरक्षी पति के प्रेम प्रसंग से तंग थी। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें मृतका ने कहा है कि उसका पति विजय कुमार यादव थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ में आरक्षी के पद पर तैनात है। नवंबर 2021 में दोनों की शादी हुई थी। मृतका का आरोप है कि उसका पति किसी अन्य महिला से प्रेम करता है। इस बात का विरोध मृतका करती थी। बीते बुधवार को मृतका का पति गैड़ास बुजुर्ग आया था। दोनों के बीच बातचीत भी हुई लेकिन बात नहीं बनी और वह वापस चला गया। पति के प्रेम प्रसंग से तंग आकर मृतका ने आत्महत्या कर ली। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि मामले में मृतका के पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## काशी के नाविकों के दो महीने से ठप पड़े नाव फिर गंगा में उतरे : त्योहारी सीजन में बढ़ेगी इनकम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में अगस्त और सितंबर महीने में गंगा में आई बाढ़ की वजह से ठप नौका संचालन एक बार फिर से शुरू हो गया है। करीब दो महीने बाद सोमवार से गंगा में नावें दिखाई देने लगी। इस दौरान लोगों ने नौकायन किया।इस समय गंगा के जलस्तर में कमी आने लगी है। पिछले 12 घंटे में 30 सेंटीमीटर पानी कम हो गया है। तेजी से कम होते जलस्तर के बाद ही प्रशासन ने नावों के संचालन की अनुमति दी है। इसको लेकर नाविकों में खुशी है। सोमवार से नौका संचालन शुरू होने के बाद भी न तो नाविक लाइफ जैकेट पहने दिखे और न ही उस पर सवार लोग सजग दिखे। बता दें कि गंगा का जल स्तर एक अक्टूबर को 66.08 मीटर था जो चेतावनी बिंदु 70.26 से काफी कम है। साथ ही गंगा का जलस्तर 12 घंटे में 29 सेंटीमीटर घट रहा है। इसे देखते हुए नावों के संचालन की अनुमति दे दी। नाव संचालन से नाविकों की आय का रास्ता भी अब खुल जाएगा।



## पंचतत्व में विलीन हुए संपादक कामेश्वनाथ श्रीवास्तव : पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदी दैनिक ''जौनपुर समाचार'' के पूर्व संपादक एवं संरक्षक कामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव का बुधवार की सुबह रामघाट स्थित शवदाह गृह पर सनातन परंपरा के अनुरूप अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्री श्रीवास्तव का निधन मंगलवार की शाम सड़क पर गिर जाने के कारण लगी चोट से हो गया था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हमेशा की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र के अवसर पर उन्होंने पूरे 9 दिन का व्रत रखा था। मंगलवार की शाम पूजन और जलपान के बाद हमेशा की तरह घर से सैर के लिए निकले थे। सैर पूरी कर लौटते समय अचानक सड़क पर गिर गए और आस–पास के लोगों की सूचना पर परिजन उन्हें उठाकर घर ले आए। हालत गंभीर देखकर नजदीक के एक निजी चिकित्सक को इलाज के लिए बुलाया गया। उन्होंने परीक्षण के बाद पूर्व संपादक जी को मृत घोषित कर दिया। नगर क्षेत्र के वंशगोपालपुर निवासी जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव के चौथे पुत्र कामेश्वर प्रसाद श्रीवस्तव 82 वर्ष के थे। उन्होंने लगभग 4 दशकों तक निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता की। ईमानदारी, जनसेवा और पत्रकारिता के लिए अपने समर्पण और व्यक्तिगत जीवन में सादगी के कारण वे अपने साथियों सहकर्मियों और आम जनमानस के बीच गांधी के रूप में जाने जाते थे। निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में पत्रकारा, राजनीतिज्ञ, अधिवक्ता, समाजसेवी उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने



पहुंचने लगे। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह पैतृक निवास बंशगोपालपुर से शवयात्रा निकाली गई जो आदि गंगा गोमती के किनारे स्थित रामघाट पर पहुंची। इसके बाद उनके पुत्र संदीप श्रीवास्तव ने मुखाग्नि दी। दाहसंस्कार में परिवारीजन के अलावा सगे संबंधी, अधिवक्ता, पत्रकार और व्यवसायी शामिल रहे। ज्ञातव्य हो कि कामेश्वनाथ आजादी के बाद 1960 के दशक से पत्रकारिता की शुरूआत किए थे और प्रदेश के प्रमुख अखबार दैनिक जागरण, दैनिक लीडर के बाद जनपद से प्रकाशित सांध्य हिंदी दैनिक जौनपुर समाचार के संपादक मुद्रक व स्वतत्वाधिकारी के रूप में कार्य करते रहे।

## कायस्थ महासभा ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की 118 वीं जयंती जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के परमानतपुर स्थित आवास पर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रवी श्रीवास्तव ने कहा कि शास्त्री जी ने ईमानदारी ,सादगी ,कर्तव्यनिष्ठा ,दृढ़ संकल्प के साथ भारत का नेतृत्व किया ।जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर करने का काम किया। हम जनप्रतिनिधियों से मांग करते है जनपद में जिस तरह से अन्य महापुरुषों की मूर्तियों को लगाया गया है उसी तरह हमारे पूर्वज श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम से चौराहे के नामकरण करे ।प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि उनकी शिक्षा दीक्षा वृहद मुश्किल हालात मे हुआ। आपने किसानों का आह्वान करते हुए जय जवान जय किसान का नारा दिया।आज हम मांग करते है कि हमारे पुरोधा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की केंद्र सरकार जांच कराए। महिला अध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि जय जवान जय किसान का ऐतिहासिक नारा बुलंद



करने वाले व्यक्ति रहे ।इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार कुंवर जी ने कहा शास्त्रीजी घायल सैनिको से मिलने अमृतसर अस्पताल पहुंचे तो एक सैनिक का हाल पूछा तो सैनिक ने रोते हुए कहा कि मुझे कोई तकलीफ नही है बस कष्ट इतना कि देश के प्रधानमंत्री को सैल्यूट नही कर पा रहा हूं। इस अवसर पर संरक्षक बजरंग प्रसाद एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता पत्रकार दीपक श्रीवास्तव, युवा महामंत्री–राज श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव राजा श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरेश कुमार अस्थाना ने किया।

## कुमारी पूजन में छिपी है नारी सशक्तिकरण की भावना– दीपराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के खाना पट्टी गाँव स्थित अवधूत कुटी पर मंगलवार को कुमारीपूजन के साथ बासंतिक नवरात्र महोत्सव का समापन हुआ। कुटी के सेवक दीपराज ने बताया कि नवरात्र में नौ कुमारी कन्याओं को नौ दुर्गा स्वरूप तथा एक बालक को भैरव रूप में पूजन से कहीं न कहीं नारी सशक्तिकरण की भावना को पुष्ट किया जाता है। कहा कि जब हम नवरात्र में कारीगरों द्वारा तैयार देवी प्रतिमाओं को विधि विधान से पण्डाल में स्थापित करते हुए प्राण प्रतिष्ठा करते है तथा अंतिम दिन हवन के बाद पवित्र नदी में विसर्जित कर देते है तो अघोर मतानुसार इसमे हम पाप के भागीदार होते हैं प्राण प्रतिष्ठा से उस मूर्ति में जीवन स्थापित होता है। जीव को जल समाधि देना कहीं से श्रेयष्कर नहीं है ।कुटी पर मंगलवार को 11 वर्ष से कम आयु की नौ बच्चियों व एक बालक को पूजन अर्चन कर भोजन कराते हुए यथा शक्ति द्रव्य दान कर उनकी विदाई की गई साथ ही साथ उनके जूठन से नौ दिन ब्रत रहने वाली महिलाओं ने पारण किया। इससे पहले जनकल्याण के लिए आयोजित यज्ञ के हवन कुंड में आहुति देकर लोगों ने माता रानी से सुख समृद्धि की कामना की। प्रसाद वितरण के पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुष्यंत कुमार सिंह,डॉ विजय प्रकाश बाबा,ओम प्रकाश यादव,मुकेश यादव, विजय प्रताप लालती देवी, मालती सिंह,सुषमा सिंह, नेपाल यादव,राज कुमार मौर्य,चन्द्र प्रकाश जायसवाल राम पूजन सिंह आदि सक्रिय रहे।

## सीआरपीएफ के जवान अवनीश व कयूम ने पेश की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई : सात समंदर पार परदेश में जब कोई अपने गांव क्षेत्र का व्यक्ति मिल जाता है तो हृदय में अनायास ही प्यार और स्नेह हिलोरे मारने लगता है झारखंड के घने जंगलों में बने एक भगवान के मंदिर पर सीआरपीएफ दोनों जवानों का परिचय हुआ तो दोनों की आतुरता देखकर ऐसा लगा कि प्रभु श्री राम अपने छोटे भ्राता भरत से मिल रहे हो। आपको बता दें कि तहसील सवायजपुर क्षेत्र के भरखनी ब्लॉक के बाबरपुर गांव निवासी अवनीश कुमार मिश्रा कस्बा पाली निवासी कय्यूम खां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मैं सेवारत हैं। वर्तमान में क्षेत्र के दोनों बेटों की तैनाती झारखंड प्रदेश में है। झारखंड के घने जंगलों के बीच बने भगवान मंदिर पर अखंड पाठ चल रहा था । अवनीश कुमार मिश्रा पहले से ही व्यवस्था देख रहे थे ।कय्यूम खां भी अनायास वहां पहुंच गये और वहीं मंदिर पर दोनों का परिचय हुआ ।उसके बाद दोनों ने एक– दूसरे के मस्तक पर तिलक लगाया और





साथ–साथ राम चरित मानस की चौपाइयों का पाठ कर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों का अचानक मिलन से ऐसा लग रहा था कि एक भाई दूसरे भाई से मिल गया हो। यही हमारे देश की गंगा जमुनी तहजीब है।

## एक महीने बाद भी अपहरणकर्ताओं का सुराग नही लगा सकी पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के लौह (पंडित का पूरा) गांव में बीते 6 सितम्बर की आधी रात परदादी की गोंद में सो रहे ग्यारह महीने के सत्यम को अपहृत करने वाले अपहरणकर्ताओं के गिरेबान तक पुलिस के हांथ एक माह बाद भी नहीं पहुंच सके है। मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस द्वारा घटना का वर्कआउट करने हेतु गठित की गई तीनों टीमें अपहरणकर्ताओं द्वारा पैरों तले रौंदी गई धूल फांक रही है । लेकिन अपहरणकर्ताओं तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो सकी किसी अनहोनी घटना की आशंका से ही परिजन परेशान है है गांव में दहशत का माहौल बरकरार है । लौह (पंडित का पूरा) गांव में छः सितम्बर की आधी रात मुंह पर कपड़ा बांध कर आए अपहरण कर्ता ने दादी की गोद में सो रहे ग्यारह महीने के दुधमुंहे बच्चे को लेकर फरार हो गये थे । जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक मछलीशहर अतर सिंह एवं तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने शीघ्र ही अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने का भरोसा दिया गया था । लेकिन उनके आश्वासन के एक महीने के बाद भी पुलिस के हाथ न तो राहुल पाण्डेय के इकलौते बेटे सत्यम पाण्डेय तक पहुंच सके और न ही अपहरणकर्ता का कोई सुराग ही अब तक हांथ लगा जिसके कारण गांव में दहशत का माहौल बरकरार है ।पुलिस इस घटना का वर्कआउट करने में कामयाब होगी अथवा अन्य लूट राहजनी की घटनाओं की तरह इसे भी एक संयोग मान कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेगी। फिलहाल अपहरण की यह घटना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती बनी हुई है ।इस बाबत थानाध्यक्ष रमेश यादव का कहना है कि अब तक बच्चे का कोई सुराग हाथ नही लगा है पुलिस पूरी तत्परता से मामले का पर्दाफाश करने मे जुटी है।

## शिलान्यास के साल भर बीत जाने के बाद भी नहीं शुरू हुआ कार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णानगर यार्ड के किमी 857/27–29 के रेलवे क्रासिंग 23 सी भलुआहीं पर दो लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए एक साल पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वर्चुअल शिलान्यास किया था । शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा था कि आजादी के बाद बदलापुर विधानसभा के लिए यह सबसे बड़ी परियोजना का सौगात है। दो लेन ऊपर गामी सेतु हेतु 38 करोड़ 10 लाख 24 हजार रुपये की स्वीकृति शासन से मिल गई है। इसके लिए पहली किश्त 38 लाख रुपया भी अवमुक्त हो गया है। रेलवे क्रासिंग पर घंटों– लगने वाले जाम तथा लोगों की परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों की मांग पर विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने केंद्र व प्रदेश सरकार से गेट संख्या 23 सी पर आरोबी निर्माण की मांग किया था। इस संबंध में विधायक ने कहा कि यह मेरे राजनैतिक कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है । कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता एके राय ने बताया कि गेट संख्या 23 सी पर बनने वाले आरओबी निर्माण की लंबाई 570 मीटर होगी । रेल महकमा से समन्वय स्थापित कर बहुत जल्द ही आर ओ बी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा!

## हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ नवरात्रि का महापर्व

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देवी भगवती के नौवें रूप सिद्धि दात्री की मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद हवन किया गया। नौ दिन तक व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं ने हवन के बाद नौ कन्याओं को भोजन कराया। उन्हें उपहार और दक्षिणा भी दिया। पूजा पंडालों में भी हवन किया गया। जगह–जगह महिलाओं ने देवी को प्रसन्न करने के लिए पचरा गाया। सुबह से शाम तक पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की भीड़ जुटी रही।

## विधायक ने अपने आवास पर नौ कन्याओं का किया पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महिनवमी के दिन मंगलवार को देवी भक्तों ने नौ कुमारी कन्याओं को भोजन कराने के बाद यथा शक्ति दान दक्षिणा देते हुए उनका पूजन अर्चन किया! इसी क्रम में विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने भी नौ दिन व्रत के बाद विधि विधान से हवन पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया! यथा शक्ति दाम दक्षिणा देते हुए उन्होंने कन्याओं का पूजन अर्चन किया! उन्होंने महा भंडारे का आयोजन किया! जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया!

## महिला को सांप नें काटा : हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गांव आशापुर निवासी रेखा देवी 32 पत्नी अनिल कुमार गौतम मंगलवार को अपने घर की सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसे सांप ने काटा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी तत्काल परिजनों के मदद से उपचार हेतु उसे मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## युवक की मनबढ़ों ने की पिटाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के घुघुरी सुल्तानपुर गांव में आटा चक्की पर गेहूं रखने जा रहे युवक की गांव के ही मनबढ़ युवकों ने पुराने विवाद को लेकर जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। गांव निवासी दीपक यादव देर शाम आटा चक्की पर गेहूं रखने जा रहा था। रास्ते में विमलेश यादव, दीपक यादव, अभिषेक यादव तथा शुभम यादव आदि ने दीपक को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकलां में हुआ जहां से चिकित्सकों उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष सरपतहां संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवायी किया जा रहा है।

## सात अक्टूबर से शुरू होगी दाउदपुर बरुआन की ऐतिहासिक रामलीला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के श्री अखण्ड रामलीला धर्म मण्डल स्थल– दाऊपुर बरुआन (कवंचलनाथ धाम ) में रामलीला का आयोजन इस प्रकार है! 7 अक्टूबर को नारद मोह, राम जन्म,सीता जन्म,8 अक्टूबर को ताड़का वध,धनुष यज्ञ,परशुराम लक्ष्मण संवाद,9 को राम वन गमन,दशरथ शरीर त्याग,10 को सूर्पनखा नकटैया, लंका दहन तक,11 को अंगद रावण संवाद कुम्भकरण,मेघनाद,रावण वध तक 12 अक्टूबर को दशमी और भरत मिलाप, 13 को भंडारा होगा ! कमेटी के पदाधिकारी इस प्रकार हैं! संस्थापक सत्यनारायण शुक्ला, अध्यक्ष शिव प्रसाद मणि त्रिपाठी,उपाध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय, प्रबंधक अच्युतानंद शुक्ला, उप प्रबन्धक मनोज कुमार शुक्ला, निर्देशक छोटेलाल शुक्ला, सह निर्देशक कपिल देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमेश चन्द्र शुक्ला, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे धीरज दुबे,शोले पाण्डेय, राधेश्याम तिवारी,डॉक्टर शुक्ला, महेन्द्र शुक्ला आदि। यह जानकारी सह निर्दशक कपिल शुक्ला ने दी है!

## कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने पर किसान बोले– इसका विकल्प नहीं : फसलों को हो रहा नुकसान

लखनऊ ब्यूरो : मौसम की मार से जूझ रही धान की फसल पर एक और संकट आ गया है। सरकार ने दस कीटनाशकों को प्रतिबंधित कर दिया है। किसानों का कहना है कि बिना इसका विकल्प दिए प्रतिबंध लगाना ठीक नहीं। प्रतिबंध ऐसे समय पर लगाया गया है, जब इस फसल को कीटनाशकों की बेहद जरूरत है। फसल पर इस समय फुदका रोग, कीट तना छेदक, झोंका रोग का प्रभाव है। वहीं सरकार का मानना है कि फसलों पर प्रतिबंधित रसायनों का दुष्प्रभाव पड़ रहा था। इससे बासमती का निर्यात प्रभावित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा न उतरने से इसका निर्यात 15 फीसदी गिर गया है। बासमती उपज को बचाने एवं निर्यात को बाधा मुक्त करने के लिए इन कीटनाशकों पर कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की सिफारिश पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसानों का कहना है कि अब जबकि धान पकने लगा है तो कीटनाशकों का हमला फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। विकल्प दिया नहीं गया है। हम क्या करें। कीटों ने दिया दर्द, क्या करें किसान धान की फसल को लेकर इस बार किसान परेशान ही रहा है। समय से बारिश न होने के कारण वे धान की बोआई करने में लेट हो गए। प्रदेश सरकार ने कुल 90 लाख हेक्टेयर में बोआई का लक्ष्य रखा गया था, पर साठ लाख हेक्टेयर में ही रोपाई हो पाई। इसके बाद कई दिन तक लगातार हुई बारिश ने भी कई जिलों में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। अब पश्चिमी उप्र में धान पक रहा है तो वहीं पूर्वी उप्र में इसे पकने में थोड़ा समय लगेगा। किसानों का कहना है कि इस समय धान में फुदका रोग, कीट तना छेदक, झोंका रोग आदि का प्रभाव है। इनसे बचाने के लिए रसायनों का प्रयोग तो करना ही होगा। मेरठ के किसान राजपाल त्यागी कहते हैं कि ऐसे कीटनाशक प्रतिबंधित किए गए हैं जो सबसे ज्यादा प्रयोग में आते हैं। बुलंदशहर के किसान प्रेम चौधरी के मुताबिक इन रसायनों का विकल्प तो अभी दुकानदारों के पास भी नहीं है। किसान करे तो क्या करे? मुरादाबाद के किसान बलराम सिंह कहते हैं कि यदि प्रतिबंध समय



पर लगाया गया होता तो हम इसका जैविक प्रबंधन कर लेते। अब क्या करें? बता दें कि सरकार ने 30 सितंबर को कीटनाशकों पर 60 दिन के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। उधर दुकानदारों का दर्द यह है कि वे कीटनाशकों के उस स्टॉक का क्या करेंगे, जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है। अपर निदेशक ने कहा– जैविक उपचार करें कृषि रक्षा विभाग अपर निदेशक त्रिपुरारी प्रसाद चौधरी का कहना है, 'रसायनों के अत्यधिक प्रयोग रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। काफी कीटनाशक ऐसे हैं, जो विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। दुकानदारों के पास इसकी पूरी जानकारी है। किसान उनका ही प्रयोग करें। वैसे किसान यदि जैविक आधार पर ही फसलों का उपचार करें तो ज्यादा सही है। रसायनों का सबसे ज्यादा असर बासमती में आ रहा है।' विशेषज्ञ बोले– समेकित जीवनाशी प्रबंधन है उपाय डिपार्टमेंट ऑफ बॉयोटेकनोलॉजी सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि मोदीपुरम के विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस सेंगर का कहना है, 'समेकित नाशी जीव प्रबंधन से पत्ती छेदक, तना छेदक आदि को नियंत्रित किया जा सकता है। ये जैविक उपाय हैं। फेरोमोन ट्रैप इसका उपाय है। एक एकड़ में दो ट्रैप लगा सकते हैं। इसके अलावा ट्राई कार्ड, नीम ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस समय अधिकतर फसल पककर तैयार है। ऐसे में रसायन की जरूरत नहीं है।'यह किसानों के खिलाफ सजिश : टिकैत भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का कहना है, 'कभी कटीले तारों पर प्रतिबंध, कभी ट्रैक्टर ट्रॉली पर तो कभी कीटनाशकों के प्रयोग पर। यह किसानों के खिलाफ साजिश हो रही है। वे खेती छोड़ें तो उनकी जमीन कब्जाई जाए। समय से प्रतिबंध लगाते और उसका विकल्प देते। ऐसी बातें नहीं मानी जाएंगी जो किसान हित में नहीं होंगी।'

## लूट की घटना का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल : गिरफ्तार बदमाश के पास से असलहा और कारतूस बरामद

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के निजामाबाद पुलिस द्वारा मंगलवार की भोर में मुठभेड़ में लूट और छिनैती की घटनाओं में शामिल एक आरोपी को घायल कर गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस ने एक असलहा और कारतूस बरामद किया है। मुखबीर से सूचना मिलने के बाद उप निरीक्षक नवल किशोर सिंह ने अपनी टीम के साथ लूट की घटना में शामिल अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए थाना क्षेत्र के ग्राम गंधवी कोल्ड स्टोर के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस द्वारा उक्त बदमाश को समर्पण करने की चेतावनी दी गई। पुलिस से खुद को घिरा हुआ देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में बदमाश की पहचान गणेश पुत्र



वीर बहादुर के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान बदमाश ने तीस सितंबर की शाम अपने चार साथियों के साथ निजामाबाद थाना क्षेत्र के चकिया ग्राम निवासी अबुजार पुत्र अब्दुल मजीद से तीस रुपये लूटने की बात स्वीकार की।

## गोवि : गांधी जयंती पर सत्याग्रह करने वाले प्रो. कमलेश निलंबित


गोरखपुर ब्यूरो : गांधी जयंती पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में सत्याग्रह करने वाले हिंदी विभाग के प्रो. कमलेश कुमार गुप्त के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई की है। उन्हें बिना नोटिस धरना–प्रदर्शन करने व विश्वविद्यालय की छवि खराब करने के आरोप में जांच समिति की संस्तुति पर निलंबित किया गया। प्रो. गुप्त को इसके पहले भी निलंबित किया गया था, लेकिन बहाल कर दिया गया था। वे लगातार कुलपति प्रो. राजेश सिंह के कार्यकाल के समय हुए कार्यों, आयव्यय की जांच की मांग कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, बिना नोटिस सत्याग्रह करने की जांच वाणिज्य विभाग के प्रो. अजेय गुप्त व रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. उमेश नाथ त्रिपाठी ने की



है। आरोप है कि धरना–प्रदर्शन से पठन–पाठन का काम बाधित होता है। विश्वविद्यालय की छवि खराब होती है। इसे लेकर प्रो. कमलेश गुप्त को कारण बताओ नोटिस भी दी गई है। जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो जांच समिति गठित कर दी गई।

## सीओ व थाना प्रभारी ने किया गया श्री राम जी का झांकी पूजन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई : प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात पाली थाने पर पहुंचते ही शाहाबाद क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की सजी हुई झाँकी में प्रभु श्रीराम का विधि विधान से तिलक पूजन कर आरती उतारी। इसी क्रम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने भी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की बड़ी श्रद्धा भाव से पूजा आरती की। वहीं थाना परिसर में भोलेनाथ व काली माता का तांडव नृत्य भी हुआ। जिसे देखकर श्रद्धालुओं जय– जय कार की। थाना परिसर से मोहल्ला सराय सैफ होते हुए बारात रामलीला मैदान पहुंची जहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी का विवाह जगत जननी माता सीता के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।भगवान श्रीराम की बारात में हजारों भक्तों की भीड़ उनके साथ थी। विवाह मंडप में भक्तों ने पुष्प वर्षा भी की। वहीं पर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। बारात व्यवस्था को संभालने के लिए पाली थाना पुलिस के अतिरिक्त अन्य थानों



की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# श्री चंद्र देव आदर्श रामलीला समिति द्वारा भैरव धाम रंगमंच में किया गया रामलीला का मंचन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जब एक अकेली ताकत ने इतने वीरों को मार दिया तो निश्चय ही यह सिद्ध हुआ कि नारायण ने अवतार लिया।अपना परिचय देने को कि उन्होने ऐसी युक्ति है इस रण के कारण ही शायद उस रण से मेरी मुक्ति है। श्री चंद्र देव आदर्श रामलीला समिति भैरव धाम के रंगमंच पर निर्देशक श्री महादेव प्रसाद कौशल के कुशल निर्देशन एवं ब्यास पीठ के निर्वाहक पंडित विश्वनाथ तिवारी के सुमधुर संगीतमय श्री राम राम चरित्र मानस की चौपाइयों के मध्य रावण का जीवंत एवं सराहनीय अभिनय करते हुए प्रसूनआर्य ने जब मंच पर बहन सुपनखा से कहा कि तुम इतनी अधीर न हो इस नाक काटने का बदला उन दोनों तपसी से अभी चुकाता हूं।ऐसा कह कर रावण अपने मामा मारीच के पास गया और उससे कहा कि तुम सोने का मृग बन कर सीता व राम को बहकाना मैं सीता का हरण कर लूंगा।मारीच ने रावण की बात सुनकर कहा कि तुम उनको क्या बहका पाओगे।वह तो साक्षात जगदंबा और विष्णु के अवतार हैं लेकिन रावण ने कहा कि तुम यह मेरी बात नहीं मानोगे तो मैं तुम्हारी हत्या कर दूंगा।मजबूर होकर मामा मारीच स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी में गया जिसे देखकर सीता जी ने श्री रामजी से उसकी छाल लाने के कहा। राम जी मृग का पीछा करते हुए उसके पीछे दौड़े केस बाण मारा मारीच ने हां लक्ष्मण हा सीता की आवाज की।सीता घबराई उन्होंने सहायता के लिए लक्ष्मण को निर्देशित किया जाते–जाते लक्ष्मण जी ने एक रेखा खींच दी और कहा माताजी आप इस रेखा से बाहर मत आना।तभी साधु वेश धारी रावण वहां पर भिक्षा मांगने आया।सीता जी ने भिक्षा देना चाहा लेकिन रावन ने कहा कि जब भिक्षा देना हो तो रेखा से बाहर आओ जैसे सीता जी रेखा से बाहर आई तभी रावण ने बलात उनका हरण कर पुष्पक विमान से आकाश मार्ग की ओर ले उड़ा।गिद्ध राज जटायु ने जब यह देखा कि रावण किसी अबला नारी को हरे लिए जा रहा है तो उन्हे छुड़ाने के लिए भयंकर युद्ध किया।रावण ने जटायु के पंख काट दिए जिससे वह धरती पर घायल होकर गिर पड़ा।विकल होकर राम और लक्ष्मण कुटिया में आए लेकिन वहां पर उन्हें नहीं मिली सीता जी तो उनकी खोज में वह शबरी के आश्रम गए जहां पर शबरी के प्रेम बारे झूठे बेर खाए।शबरी ने बताया कि आप ऋषि मूक पर्वत जाइए जहां वानरो का राजा सुग्रीव रहता है वही आपकी मदद करेगा।हनुमान जी की मदद से सुग्रीव से श्री राम चंद जी ने मित्रता की और सुग्रीव के अधम भाई का बध किया।सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनवाकर वानरो,भालुओ को सीता जी की खोज में भेजा।इस वर्ष डिजिटल पर्दे पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर रामलीला का मंचन रंगमंच पर किया जा रहा है जिसे देखने के लिए प्रति दिन हजारों नर नारियों की भीड़ उमड़ रही है।रामलीला मंचन की सर्वत्र सराहना हो रही है।बाली का अभिनय सुधीर चौरसिया,सुग्रीव अमित शाह तथा हनुमान का अभिनय हर्ष वर्धन यज्ञसैनी ने किया।मंच व्यवस्था शतींद्र प्रकाश शास्त्री,अभय वैश्य एवं सुधीर मिश्रा ने किया।सह निर्देशक अवध बिहारी कौशल,दीपक मिश्रा,साहब शरण शर्मा,संतोष राठौर के निर्देशन में बहुत ही सुंदर रामलीला मंचन की जा रही है।

# दुर्गा पूजा कार्यक्रम में मारपीट करने वालों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की कार्यवाही

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : दुर्गा पूजा कार्यक्रम में मारपीट करने वालों पर रूदौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत राम सरनदास पुर मौजा बिजड़ी मे दुर्गा पूजा कार्यक्रम के दौरान गांव के सचिन व विपिन पुत्र अमर चंद शराब पीकर आए और कार्यक्रम स्थल पर गाली गलौज करने लगे।दुर्गा पूजा कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका मीरा देवी ने अरोप लगाया है कि जब गाली गलौज का विरोध किया तो सचिन व विपिन दोनों सगे भाइयों ने मीरा देवी को लाठी डंडो से मारा पीटा।माँ को पिटते देख मीरा देवी का पुत्र बचाने के लिए आया तो उन्हें भी उक्त दबंगो ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दिया।घटना की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही रुदौली कोतवाली पुलिस और उपजिला अधिकारी स्वप्लिन यादव तत्काल घटना स्थल पर पंहुचे और घटना का स्थलीय निरीक्षण किया।पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रुदौली कोतवाली पुलिस ने पीड़ित मीरा देवी की तहरीर पर भा. द. सं. की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा पंजीकृत गया है।मारपीट मे आई चोटों का मीरा देवी व पुत्र अभय का मेडिकल परिक्षण करा कर इलाज कराया गया।वहीं प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष गनेश्वर चौहान ने उक्त घटना की कड़े शब्दो मे निंदा की है।श्री चौहान ने कहा कि नारी सम्मान का प्रतीक पावन पर्व नवरात्रि मे नव देवियो की पूजा होती है।उसी पूजा पंडाल मे पूजा कार्यक्रम के दौरान एक नारी पर गाली गलौज करते हुए किये गया जान लेवा हमला नारी सम्मान के विपरीकता की मानसिकता को प्रकट करता है।वही ग्रामीणों ने उक्त घटना को संज्ञान मे लेकर प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था हेतु तत्काल की गयी विधिक कार्यवाही पर प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्त देख चुके हैं अयोध्या की रामलीला

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : आज अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष व सुभाष मलिक ने बोले मुझे आज ये बताते हुए बड़ी खुशी हो रहीं है की अयोध्या की रामलीला को अभी 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देख चुके है, और हमे बड़ी खुशी है कि पिछले वर्ष की रामलीला ''आयोध्या की रामलीला'' ने सारे रिकॉर्ड तोड दिए है,अयोध्या कि रामलीला में मुख्य भूमिका में जाने माने फिल्म स्टार विंदू दारा सिंह श्री भगवान हनुमान के रोल में ,अभिनेता राहुल भूचर श्री राम की भूमिका में , माता सीता के रोल में दीक्षा रैना, रावण के रोल में फिल्म स्टार शाहबाज खान , गुफी पेंटल नारद मुनि के रोल में, केवट की भूमिका में जाने माने भोजपुरी स्टार एव सांसद रवि किशन, शबरी के रोल में अभिनेत्री भाग्यश्री, गिरजा शंकर रहा दशरथ के रोल में, गजेंद्र चौहान रजा जनक के रोल में, सांसद मनोज तिवारी जी परशुराम की भूमिका में है।

# आरटी एकेडमी हैरिंग्टनगंज में सम्पन्न हुआ रामलीला का मंचन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या में शुरू हुए रामलीला के मंचन का खुमार अब जनपद के विद्यालयों में भी बोल रहा है। हैरिंग्टनगंज के आर टी एकेडमी विद्यालय में छात्रों ने रामायण काल के विभिन्न पात्रों का अभिनय कर रामलीला का जोरदार मंचन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका शुक्ला ने कहा जिस प्रकार श्रीराम ने केवल बानरों की सहायता से रावण को व उसके साम्राज्य को नेस्तानाबूद कर दिया। उसकी सोने की लंका को जला दिया। ठीक उसी प्रकार से सत्यता व विश्वास के सहारे हम बडे से बड़ा युद्ध जीत सकते हैं। विद्यालय की एमडी सुनीता यादव ने कहा रावण महा ज्ञानी व शक्तिशाली होते हुए भी इसलिए हार गया क्योंकि उसके अंदर अहंकार और ईश्वर को ना मानने के गुण थे। विद्यालय के संस्थापक रामतेज यादव ने कहा यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इसलिए आप लोगों को जीवन में चाहे जितना कठिनाई का सामना करना पड़े। लेकिन कभी झूठ व फरेब के सामने घुटने न टेकना। मंचन के बाद रावण रूपी विशाल प्रतिमा का रामलीला के कलाकारों के द्वारा उसका दहन किया गया।रामलीला का मंचन कर रहे पात्रों का उपस्थित लोगों द्वारा उनकी खूब सराहना की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यालय के भारी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

# भारतीय किसान यूनियन ने दिया एक दिवसीय धरना

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : गत 3 अक्टूबर 2021 को केंद्रीय राज्य गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ट्रेनी के बेटे द्वारा थार गाड़ी से रौंदकर मारे गए 5 किसानों की बरसी पर भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना दिया गया, विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ट्रेनी का पुतला फूंका गया और अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करते हुए जेल भेजने तथा गिरफ्तार किसानों को रिहा करने और मृतक किसानों के आश्रितों, घायल किसानों को आर्थिक मदद करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अयोध्या को सौंपा गया ज्ञापन लेने में विलंब करने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता/ पदाधिकारी कलेक्ट्रेट को कूछ कर दिया रास्ते में नायब तहसीलदार अयोध्या द्वारा ज्ञापन लिया गया तत्पश्चात आंदोलन समाप्त की घोषणा की गई। ज्ञातव्य है कि गत 3 अक्टूबर 2021 को तिकुनिया लखीमपुर खीरी में महापंचायत से लौट रहे किसानों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा द्वारा थार गाड़ी से रौंदकर मार डाला गया था जिसमें 4 किसान व एक पत्रकार की मौत हो गई थी जिस की बरसी पर भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा गांधी पार्क में जिला अध्यक्ष श्री नाथ वर्मा के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया तथा ब्लॉक विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टीवी का पुतला फूंका गया विज्ञापन लेने मैं अधिकारियों के ना आने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट को पैदल मार्च कर दिया और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अजय मिश्रा ट्रेनी को गिरफ्तार करने की मांग किया गया रास्ते में नायब तहसीलदार अयोध्या पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के अलावा जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष भागीरथ वर्मा, जिला सचिव दशरथ सिंह ,बाबूराम तिवारी, तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा, तहसील अध्यक्ष सदर महेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह टाइगर, लीलावती ,मंडल महासचिव आर०यस० सरोज, लीलावती बुद्धि राम ,शमशेर, दामोदर जगदीश यादव आदि दर्जनों लोग शामिल रहे।

# रेनू राय बनी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ममता चौधरी ने सहादत गंज निवासी रेनू राय को महिला कांग्रेस अयोध्या का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया श्रीमती रेनू राय की नियुक्ति पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री की संस्तुति पर हुई है। रेनू राय के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ,महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उमर मुस्तफा, संजय तिवारी, शैलेंद्र पांडे, रजनीश शर्मा, राकेश तिवारी, रामकरण कोरी ,राम अवध पासी ,डॉ विनोद गुप्ता, रामेंद्र त्रिपाठी, डीएन वर्मा ,प्रवीण श्रीवास्तव ,जिला महामंत्री अनिल सिंह ,चेत नारायण सिंह ,मीडिया कोऑर्डिनेटर अनूप मिश्रा, अशोक कुमार राय ,बसंत मिश्रा ,महेश वर्मा जमील ,रामनरेश मौर्य ,रीता मौर्य, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस सविता यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# रूदौली में माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 06 अक्टूबर गुरुवार को विभिन्न घाटों पर होगा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : केंद्रीय दुर्गा पूजा एवम रामलीला समन्वय समिति तहसील रुदौली के निर्णय के अनुसार तहसील क्षेत्र में सभी माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 06 अक्टूबर दिन गुरुवार को विभिन्न घाटों पर होगा। केंद्रीय समिति के महामंत्री दुर्गेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उसी दिन दशहरे तथा विसर्जन का पर्व पड़ने के कारण श्रद्धालुओं को एक जगह से वँचित रहना पड़ता था।इस लिए निर्णय लिया गया है कि तहसील क्षेत्र में सभी माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 06 अक्टूबर दिन गुरुवार को विभिन्न घाटों पर किया जायेगा।अब श्रद्धांलू दशहरे तथा विसर्जन दोनों पर्व का आनंद ले सकते है।उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया आने वाले वर्षो में भी लागू रहेगी।

# रामनगरी के लक्ष्मण किला में चल रहे फिल्मी सितारों की रामलीला का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मण्डायुक्त

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रामनगरी के लक्ष्मण किला में चल रहे फिल्मी सितारों की रामलीला का उदघाटन मुख्य अतिथि अयोध्या मण्डल के तेजतर्रार मंडलायुक्त श्री नवदीप रिणवा ने किया इस मौके पर उनकी धर्म पत्नी भी रही शामिल जानेमाने फिल्मों के अभिनेता विंदु दारा सिंह रामलीला के हनुमान अभिनेता राहुल बूचर राम अभिनेता शहबाज खान रावण सुप्रसिद्ध धारावाहिक महाभारत के 32 वर्ष पूर्व रहे धृतिराष्ट्र अभिनेता गिरिजा शंकर विभीषण अभिनेत्री दीक्षा रैना सीता व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शुभाष मलिक तथा प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा का स्वागत अभिनन्दन कर स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मानित मंडलायुक्त श्री नवदीप रिणवा ने अभिनेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुवे कहा कि अयोध्या की रामलीला विश्व के कोने कोने में दूरदर्शन के माध्यम से सीधा प्रसारण करोड़ो राम भक्त देख रहे हैं मंडलायुक्त महोदय ने रामलीला कमेटी के आयोजक अध्यक्ष शुभाष मलिक व महामन्त्री शुभम मलिक की आयोजन के लिए पूरी टीम की तारीफ की।

# फर्जी बैनामे में तहसील दिवस में एस एस पी के आदेश के 45 घंटे बाद भी बीकापुर कोतवाली में नही दर्ज हुई एफआईआर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : एस एस पी प्रशांत वर्मा के शनिवार को तहसील दिवस में फर्जी बैनामा मामले में कोतवाली पुलिस को शख्त निर्देश देने के 45 घंटे बाद भी दर्ज नही हुई रिपोर्ट। कोतवाली बीकापुर में 1 नवंबर को राम प्रसाद की रिपोर्ट अभी तक है दर्ज। 2 अक्टूबर व 3 को कोई एफआईआर दर्ज नही है। बीकापुर रजिस्ट्री कार्यालय में आधार कार्ड बदल कर बैनामा हुआ है, इसमें बीकापुर रजिस्ट्री कार्यालय में तैनात लिपिक जो इस समय रुदौली में कार्यात्य है उसकी भूमिका भी संदिग्ध है। पीड़ित कई महीने से एफआईआर दर्ज करवाने व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहा है। इस समय बीकापुर रजिस्ट्री कार्यालय में बाहरी दलालों की भरमार है। आरोपी में रजिस्ट्री कार्यालय का एक दस्तावेज लेखक भी शामिल है जिसने बैनामा लिया है।

# सरयू में डूब रहे युवक को जल पुलिस के जवान सकुशल बचाया

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सरयू में डूब रहे युवक को जल पुलिस के जवान नित्यानंद यादव वा रुबे मौर्या सकुशल बचाया। ऋषिकेश पुत्र सदाबृज उम्र 16 साल भगौली पोस्ट मैदान थाना बखिरा जिला गोरखपुर के रहने वाले अपने परिजनों के साथ स्नान करने सरयू घाट पर आए थे जो कि गहरे जल में जाने के कारण डूबने लगे वहां पर मौजूद जल पुलिस के जवानों के द्वारा उन्हें सकुशल बचाया गया। जल पुलिस की सक्रियता से प्रतिमा दर्जनों युवक को बचाया जाता है जिससे अयोध्या में जल पुलिस की विशेष सराहना हो रही है वहीं दूसरी तरफ कई बार परिजन प्रोत्साहन पुरस्कार भी देते हैं। लेकिन जल पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी व कर्तव्य बताकर प्रोत्साहन राशि लेने से मना कर देते हैं देश और समाज को ऐसे ही पुलिस के जवानों की जरूरत है जो अपनी जान को जोखिम में डालकर दूरदराज से आए यात्रियों की जान को सुरक्षित रखते है।

# गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर्व पर कंपनी कमांडेंट डा.मिश्र ने शांति व अहिंसा की दिलाई शपथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)देश में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।इसी कड़ी में इस मौके पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के 'क्वार्टर गार्द' पर राष्ट्र के महानायक रहे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस. द्वारा पुष्प एवं माल्यार्पण कर उन्हें सम्मान पूर्वक सलामी दिया। इस मौके पर आयोजित समारोह में कंपनी कमांडेंट डॉ. मिश्र ने, वहां पर उपस्थित सभी जवानों को शान्ति एवं अहिंसा की शपथ दिलाई एवं देश के प्रति दोनों महानायकों के योगदान के बारे में व्याख्यान देते हुये बताया गया कि उक्त महानायकों का हमारे राष्ट्र के प्रति अप्रतिम योगदान रहा है, ये हमारे राष्ट्र के गौरव के प्रतीक हैं।कार्यक्रम के अंत में सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा सभी उपस्थित पीएसी कर्मियों को




गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जी की जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।इस अवसर पर उप सेनानायक विनोद कुमार, सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव, शिविरपाल, देवपाल, सूबेदार मेजर रणजीत तिवारी व वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुजरात में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में मेरठ की बेटी अन्नू रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में झटका स्वर्ण

मेरठ ब्यूरो : गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में मेरठ की एथलीट बेटी अन्नु रानी ने स्वर्ण पदक झटक लिया है। मंगलवार को भाला फेंक स्पर्धा में उन्होंने 54.56 मीटर थ्रो करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अन्नू ने हाल में ही राष्ट्रमंडल खेलों में देश को कांस्य पदक दिलाया था। उनके भाई उपेंद्र चौधरी ने बताया गुजरात में गर्मी बहुत ज्यादा थी, जिससे प्रदर्शन प्रभावित हुआ। अन्नु के प्रदर्शन के लिहाज से भाले की दूरी थोड़ी कम जरूर रही लेकिन अन्नू स्वर्ण पदक लेने में कामयाब रही। स्वर्ण पदक आने पर परिवार के लोगों ने खुशी जताई। गन्ने को भाला बनाकर किया भाला फेंक का अभ्यास जैवलिन क्वीन के नाम से पहचानी जाने वाली अन्नू के संघर्ष की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। गांव की पगडंडियों पर खेलते और गन्ने को भाला बनाकर प्रैक्टिस करने वाली अन्नू एक दिन देश–विदेश में होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी, यह शायद ही किसी ने सोचा होगा, लेकिन अपने संघर्ष और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने ये कर दिखाया। मंगलवार को उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीतकर फिर अपनी प्रतिभा का परचम कायम किया है। पिता ने रोका तो चोरी से किया अभ्यास अन्नू रानी तीन बहन व दो भाइयों में सबसे छोटी हैं। उनके सबसे बड़े भाई उपेंद्र कुमार भी 5,000 मीटर के धावक थे और विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा भी ले चुके हैं। बड़े भाई के साथ अन्नू रानी ने भी खेल में रुचि दिखाई और सुबह चार बजे उठकर गांव में ही रास्तों पर दौड़ने जाया करतीं। कई बार पिता ने अन्नू खेल में दिलचस्पी नहीं दिखाई तो अन्नू चोरी से अभ्यास करतीं। अन्नू यहां किसी ग्राउंड में नहीं, बल्कि कच्चे संकरे रास्ते जिसे ग्रामीण भाषा में चकरोड़ कहा जाता है, उस पर दौड़तीं। इसी चकरोड़ पर गन्ने को भाला बनाकर वह पहले जोर से फेंकती। उन्होंने यह प्रयास कई महीनों तक जारी रखे। राष्ट्रीय खेलों में मेरठ की बेटियों का जलवा बरकरार गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में दूसरे दिन मेरठ के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है। अन्नू से पहले एथलीट पारुल चौधरी, पहलवान दिव्या काकरान व किरन बालियान गोला फेंक में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुकी हैं। प्रियंका ने नहीं लिया हिस्सा पैदल चाल में कॉमनवेल्थ की रजत पदक विजेता प्रियंका गोस्वामी गुजरात नेशनल खेलों में प्रतिभाग नहीं किया। उन्होंने बताया कि किसी जूनियर को पदक जीतने का मौका मिले, जिसके कारण वह नेशनल खेलों में नहीं खेल रही हैं। क्योंकि छह साल पूर्व एक सीनियर खिलाड़ी नेशनल खेलों में नहीं खेली थीं, उस समय मुझे पदक जीतने का मौका मिला था। खेल अधिकारी भी दिखा रहे जलवा राष्ट्रीय खेलों में एक तरफ जहां मेरठ के खिलाड़ी गुजरात में जमकर खेल दिखा रहे हैं, वहीं मेरठ के सीनियर खिलाड़ी तकनीकी अधिकारी बनकर राष्ट्रीय खेलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। मेरठ की कॉमनवेल्थ में स्वर्ण पदक विजेता व अर्जुन अवार्डी कुश्ती खिलाड़ी अलका तोमर भी गुजरात में हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। विशाल सक्सेना, अमरनाथ त्यागी, गौरव त्यागी सहित अन्य खिलाड़ी तकनीकी अधिकारी बने हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रीनाथजी मंदिर में पूजा कर की लोक कल्याण की कामना

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतारी गुरु गोरक्षनाथ जी का विशिष्ट पूजन–अनुष्ठान किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के विशेष परिधान में सीएम योगी ने पीठ की परंपरा का अनुसरण करते हुए मंगलवार सुबह नौ बजे से विधि विधानपूर्वक श्रीनाथ जी की पूजा–आराधना की। इस विशिष्ट पूजन की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में शक्तिपीठ से हुई जहां नवरात्र प्रतिपदा से अनुष्ठान चल रहे थे। शक्तिपीठ में वेदी पूजनोपरांत सीएम योगी मंदिर के अन्य साधु संतों के साथ संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यगण व वेदपाठी छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीनाथ जी के मुख्य मंदिर पहुंचे और विधि विधानपूर्वक उनकी पूजा की, आरती उतारी। साथ ही मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देव विग्रहों का विशिष्ट पूजन किया। मुख्यमंत्री ने करबद्ध होकर श्रीनाथ जी और सभी देव विग्रहों की परिक्रमा भी की। इस दौरान नाथपंथ के परंपरागत विशेष वाद्य यंत्र नागफनी, शंख, ढोल, घंट, डमरू की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्ति सागर में हिलोरें ले रहा था। गोरक्षपीठाधीश्वर को लगाया तिलक, लिया आशीर्वाद गोरखनाथ मंदिर के तिलक हॉल में मंगलवार को तिलकोत्सव कार्यक्रम पारंपरिक तरीके से मनाया गया। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंचासीन हुए, फिर एक–एक करके साधु–संतों व लोगों ने उन्हें तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। गोरक्षपीठ से जुड़े योगी, संत, पुजारी, पुरोहित आदि ने मंगल पाठ के बीच दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, योगी शांतिनाथ, योगी धर्मेन्द्रनाथ, महंत रविंद्र दास, प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद रवि किशन, विधायक विपिन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, रमेश सिंह, अवधेश सिंह और बंधु उपेन्द्र सिंह ने भी तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।


राजू पान मसाला की तरफ से समस्त जनपद वासियों प्रदेशवासियों को नवरात्रि दशहरा भरत मिलाप की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



प्रो0– अनिल कुमार

राजू पान मसाला

100%शुद्धता के साथ

निकट –परमानतपुर, रुहट्टा, जौनपुर

वैधानिक चेतावनी –पान मसाला सेहत के लिए हानिकारक है।



सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।